# लॉकर की तकनीकी खामी से बोर्ड परीक्षा प्रभावित

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे के एक परीक्षा केंद्र पर शनिवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्धकेंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्डत्रः की 10वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई। प्रश्न पत्र समय पर उपलब्ध न होने के कारण परीक्षा निर्धारित समय सुबह 10 बजे के बजाय दोपहर 1 बजे शुरू हो सकी। लगभग तीन घंटे की देरी से हुई इस परीक्षा में चार विद्यालयों के कुल 332 छात्र-छात्राओं को इंतजार करना पड़ा।

**बैंक लॉकर नहीं खुलने से अटका मामला**

जानकारी के अनुसार परीक्षा केंद्र पर रखे प्रश्न पत्र केनरा बैंक के लॉकर में सुरक्षित थे। सुबह करीब 9:30 बजे विद्यालय प्रतिनिधि जब प्रश्न पत्र लेने पहुंचे तो तकनीकी खराबी के चलते लॉकर नहीं खुल सका। काफी प्रयासों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया। इसके बाद तत्काल बोर्ड मुख्यालय को स्थिति से अवगत कराया गया।

**ईमेल से मंगाए गए प्रश्न पत्र, फोटोकॉपी कर शुरू हुई परीक्षा**

परीक्षा केंद्र पर छात्र समय से पहुंचकर कक्षाओं में बैठ गए थे, लेकिन प्रश्न पत्र न मिलने के कारण परीक्षा प्रारंभ नहीं हो सकी। बोर्ड के निर्देश पर प्रश्न पत्र अधिकृत ईमेल आईडी पर भेजे गए। तत्पश्चात अन्य विद्यालयों के सहयोग से प्रश्न पत्रों की फोटोकॉपी कराई गई। दोपहर 1 बजे परीक्षा शुरू हुई, जो शाम 4 बजे तक चली।

**अभिभावकों ने जताई नाराजगी**

परीक्षा समाप्ति के समय जब अभिभावक बच्चों को लेने पहुंचे, तो बदले हुए समय को लेकर रोष व्यक्त किया। उनका कहना था कि बोर्ड परीक्षा जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में इस प्रकार की देरी से विद्यार्थियों पर अनावश्यक मानसिक दबाव पड़ता है। अभिभावकों ने इसे बैंक और परीक्षा प्रबंधन की गंभीर चूक बताया। विद्यालय प्रबंधन की सफाई

विद्यालय प्रबंधक कुलदीप त्यागी ने स्पष्ट किया कि यह पूरी तरह बैंक की तकनीकी समस्या थी। उन्होंने बताया कि बोर्ड को तत्काल सूचना दी गई और छात्रों की सुविधा के लिए खाने-पीने की व्यवस्था की गई। अंततः परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई।

## सेलून में घुसी कार, हुआ नुकसान

**मोरना।** मोरना मे पुलिस चौकी के सामने देर शाम तेजी से आ रही एक कार नियंत्रित होकर सड़क किनारे सेलून में जा घुसी जिससे सेलून का सामान क्षतिग्रस्त हो गया।घटना को लेकर सनसनी फैल गई।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना में पुलिस चौकी के पास समीर नामक व्यक्ति बाल कटिंग की दुकान करता है।शुक्रवार की शाम वह दुकान बंदकर घर गया था की रात 11:00 बजे सड़क से गुजरती एक कार सेलून अथवा बाल कटिंग की दुकान मे घुस गयी। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि भयानक टक्कर लगने से सेलून का शटर टूट गया तथा कार दीवार को तोड़ती हुई सेलून के भीतर तक घुस गई जिससे वहां रखी कुर्सियां,बड़े शीशे,श्रृंगार के सामान आदि सब टूट गए।घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ इकठा हो गयी। सेलून के मालिक समीर ने बताया की कार चालक निकटवर्ती गांव छछरौली निवासी है जिसने नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया है।

# भगवंत इंस्टीट्यूट में बीटेक प्रथम वर्ष का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** भगवंत इंस्टीटड्ूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बीटेक प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस बार परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे इंजीनियरिंग छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई।

कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच उत्साह का माहौल देखा गया। बीटेक प्रथम वर्ष में देव बैंसला ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

दिव्यांशी भारद्वाज ने 73 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि राशि चौधरी ने भी 73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। सभी मेधावी छात्रों ने संस्थान का नाम रोशन किया। मैकेनिकल विभाग के विभागाध्यक्ष इंजी. निकुल चौधरी ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।

संस्था के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल ने भी परिश्रम और अनुशासन पर जोर दिया। अन्य पदाधिकारियों ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी।

# रूप फर्नीचर पर पहुंची एसआईबी की टीम

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को एसजीएसटी की एसआइबी की टीम ने प्रकाश चौक स्थित रूप फर्नीचर शोरूम पर जांच के लिए पहुंची और सर्वे के दौरान टीम ने शोरूम के सभी क्रय-विक्रय के प्रपत्रें को कब्जे में लिया और उनकी छानबीन शुरू कर दी। बताया जाता है कि विभागीय अधिका. रियों को शोरूम की शिकायत मिली थी।

राज्य वस्तु एवं सेवाकर की विशेष जांच शाखा के संयुक्त आयुक्त सिद्धेश कुमार दीक्षित को प्रकाश चौक स्थित रूप फर्नीचर के विरूद्ध एक व्यक्ति द्वारा शिकायत दी गई थी। जिसमें शोरूम संचालकों पर जीएसटी में हेरफेर करने की शिकायत की गई। इसके बाद एसआइबी के उपायुक्त मनोज कुमार शुक्ला के नेतृत्व में टीम बनाकर शोरूम पर सर्वे शुरू कराया गया। एसआइबी के अधिकारियों ने शोरूम के मालिक राजीव जैन व प्रशांत जैन से पूछताछ की है। शोरूम मालिक ने अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्ता की मौजूदगी में सर्वे का आग्रह किया। इस पर टीम ने उनकी मौजूदगी में सभी क्रय-विक्रय का रिकार्ड कब्जे में लिया है। सभी दस्तावेजों को कब्जे में लेकर एक-एक बिंदू की गहनता से जांच की जा रही है। उपायुक्त मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई है।

## किड्स केयर पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव 'तारे जमीन पर' आयोजित



**मीरापुर।** कस्बे के किड्स केयर पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव 'तारे जमीन पर' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यशिका चौहान, सुश्री सुप्रिया पाल, बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश गौर, स्कूल प्रबंधक विभोर डागा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यालय परिसर में अभिभावकों और अतिथियों की भारी उपस्थिति से उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फादर एक्ट, हंगर एक्ट, लिलिपुट डांस, राजस्थानी नृत्य, राधा-ख्रष्ण नृत्य, परी डांस, रेट्रो डांस, शिव तांडव, 'तारे जमीन पर', फाइव एलिमेंट्स ऑफ नेचर, पंजाबी डांस, 'संदेशे आते हैं', ऑपरेशन सिंदूर, अनपढ़ नेताजी, चाइल्ड लेबर, कव्वाली और जोकर डांस जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मध्य अभिभावकों को उनकी सक्रिय भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। अंत में स्कूल प्रबंधक विभोर डागा एवं प्रधानाचार्या मंजू डागा ने विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। कक्षा छह की आयुषी धारीवाल को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' चुना गया। कार्यक्रम की सफलता में समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# बाल विवाह को लेकर हुआ जन जागरुकता प्रोग्राम



**बुढ़ाना।** बाल विवाह मुक्त मुजफ्फरनगर अभियान के तहत शनिवार के दिन बुढ़ाना कस्बे में स्थित बीआरसी परिसर में बने कंपोजिट स्कूल में एक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं के द्वारा बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ ली गयी। शपथ डाक्टर राजीव कुमार के द्वारा दिलवाई गयी। जिसमें छात्र आर्यन, छात्रा तमन्ना, छात्र आमिर, छात्रा समरीन, छात्रा रौनक और छात्रा अर्शी को बाल विवाह के उपर आयोजित की गयी प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता में विजयी घोषित कर सम्मानित किया गया।

डाक्टर राजीव कुमार ने कहा कि बाल विवाह करने से बच्चों का शारी. रिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास पूर्णतया नहीं हो पाता है। जिससे बालक एवं बालिकाओं का पूरा जीवन अंधक. ारमय बीतता है। बाल विवाह बच्चों का बचपन छीन लेता है और उनकी खुशहाली को खतरे में डाल देता है। 18 साल से कम उम्र में शादी करने वाली लड़कियों के घरेलू हिंसा का शिकार होने की संभावना ज्यादा होती है और उनके स्कूल में बने रहने की संभावना भी कम होती है।

बाल विवाह करना एक कानून अपराध है यदि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह करता है तब उसको एक लाख रुपए जुर्माने व दो वर्ष तक का कठोरतम कारावास या फिर दोनों से दंडित किया जाएगा। यहां सबको मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। यहां शिक्षक अकबर, मुनेश, देवेंद्र, पिंकी, नेहा, दीपा, सुषमा, पूजा आदि शिक्षिकाएं थी।

## सीएमओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण...

# केंद्र की व्यवस्थाओं में और ज्यादा सुधार लाने के निर्देश



**बुढ़ाना।** सीएमओ डॉक्टर सुनील तेवतिया ने सीएचसी बुढाना का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सख्त निर्देश दिए। सीएमओ डॉक्टर सुनील तेवतिया ने आज सीएचसी बुढ़ाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का आंकलन करना तथा आमजन को बेहतर एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना था। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने ओपीडी कक्ष, इमरजेंसी सेवाएं, प्रसूति कक्ष, टीकाकरण कक्ष, औषधि वितरण केंद्र, प्रयोगशाला, वार्डों की स्थिति तथा अस्पताल परिसर की साफ सफाई का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, आवश्यक उपकरणों की कार्यशीलता एवं अभिलेखों के संधारण की भी समीक्षा की। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर प्रणव तेवतिया को अस्पताल की व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार लाने, दवाओं की पयाृ्प्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा मरीजों के साथ संवेदनशील एवं सौम्य व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार मिलना चाहिए और किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमओ ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपनी डड्ूटी के प्रति पूर्ण जिम्मेदारी निभाएं। समय से उपस्थित रहें तथा अस्पताल की सेवाओं को जनहित में और अधिक प्रभावी बनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निरीक्षण की प्रक्रिया आगे भी निरंतर जारी रहेगी व लाप. रवाही मिलने पर कार्रवाई होगी।

# किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन



**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने बुढ़ाना तहसील परिसर में पहुंचकर एसडीएम आफिस के बाहर भाकियूअ के वेस्टर्न यूपी प्रभारी राजीव दुल्हेरा के नेतृत्व में धरना दिया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। धरना एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत विश्वकर्मा के आश्वासन पर चंद मिनटों में ही समाप्त हो गया। ज्ञापन में बेसहारा पशुओं व गांव राजपुर छाजपुर में बन रहे विद्यालय में घटिया सामग्री लगाने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गयी। जिसमें एसडीएम द्वारा कार्यकर्ताओं को बताया गया कि गांव राजपुर छाजपुर मे जो 30 करोड रुपये की लागत से मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालय का निर्माण हो रहा है उसकी बीते कल जांच की गई थी। जिसमें भारी अनियमितता पाई गई जिसकी जांच रिपोर्ट आज डीएम को सौंप दी जाएगी। स्कूल निर्माण कार्य रो. ककर ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा।

ये सुनकर भाकियूअ कार्यकर्ता खुश नजर आए और धरना समाप्त किया। ज्ञापन देने वालो में तहसील अध्यक्ष ठाकुर अमित सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण पंवार, नगर अध्यक्ष बुढाना मुकेश भार्गव, राजपुर ग्राम अध्यक्ष अक्षय, दुर्गनपुर ग्राम अध्यक्ष ठाकुर मोनू सिंह, छाजपुर ग्राम अध्यक्ष संजय आर्य, चंधेडी ग्राम अध्यक्ष सतीश फौजी, खेड़ा मस्तान ग्राम अध्यक्ष गौरव मलिक, गांव कल्याणपुर अध्यक्ष डाक्टर सत्तार, रसूलपुर दभेडी ग्राम अध्यक्ष शाहिद, नगवा ग्राम अध्यक्ष हरिओम भगतजी, नंगला ग्राम अध्यक्ष सलीम, खरड़ ग्राम अध्यक्ष वीरेंद्र मलिक, जोगिया खेड़ा ग्राम अध्यक्ष उस्मान राणा, वरिष्ठ कार्यकर्ता बाबर प्रधान, जिला उपाध्यक्ष प्रताप सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह, ब्लॉक सचिव गौरव राणा राजपुर, टिंकू शर्मा, मुकेश नगवा, तहसील उपाध्यक्ष जाबिर राणा व गौतम मलिक और ग्राम कुतुबपुर दताना अध्यक्ष अशोक प्रधान सहित अन्य कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

समन वास्ते करार वाद, उमर तनकी तलब (आदेश 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।**

मूलवाद स0- 1041 सन् 2024

1. नूर हसन व शकील पुत्रगण स्व. इलियास निवासीगण ग्राम कसेरवा, परगना शिकारपुर तहसील बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर। ....**वादीगण**

**बनाम**

1. उस्मान पुत्र शेर मौहम्मद, 2. पप्पू पुत्र सुलतान, 3. मेहर इलाही पुत्र रिसाला, 4. शौकीन पुत्र आबिद, 5. सलीम पुत्र नूरदीन, 6. सुभा व यासीन पुत्रगण सैना, 7. रोजू व फिरोजू पुत्रगण फत्तू, 8. घसीटू पुत्र गानू, 9. नवाब अली व नूरदीन पुत्रगण नसीबू, 10. अली हसन पुत्र दीन्नू, 11. नूरहसन व आसिफ पुत्रगण असगर। समस्त निवासीगण ग्राम कसेरवा, परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर। ..... **प्रतिवादीगण**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद वादी ने आपके विरूद्ध बाबत माननीय न्यायालय में योजित किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 27 फरवरी सन् 2026 को प्रातः 10.00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई से वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्ताल्लिका मुकदमा याद का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा कर और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। अगर तारीख आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा/वाद बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तखत और मोहस् अदालत के आज दिनांक 21 जनवरी सन् 2026 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

नियत दिनांक- 27.02.2026

आज्ञा से

सिविल जज सीनियर डिविजन

मुजफ्फरनगर।

# शारीरिक शिक्षा विभाग की बेटियों ने जीता खो खो का ख़िताब

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के खेल प्रांगण में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2026 के दूसरे दिन की शुरूआत क्रिकेट मैचों से हुई। आज क्रिकेट का पहला मैच बेसिक साइंस और एमकाम के बीच हुआ। जिसमें एमकाम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। बेसिक साइंस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 10 आवरों में सात विकेट खोकर 134 रन बनाये। जबकि एमकाम की टीम 10 ओवर्स में 2 विकेट खोकर केवल 51 रन बनाकर परा. जित हो गई। 83 रनों से बेसिक साइंस की टीम ने यह मुकाबला अपने नाम किया।

वही दूसरी तरफ खो-खो 2026 महिला वर्ग का खिताबी मुकाबला शारीरिक शिक्षा विभाग और बायोसाइंस के बीच खेला गया।

जिसमें शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। महिला वर्ग खो-खो विजेता टीम में राधिका, तनिशा, चाहत, अवंतिका सैनी, अनिता, शगुन, रिया चौधरी, रूहि, सोनी रॉय एवं कृतिका शर्मा आदि ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। दूसरे स्थान पर बायोसाइंस पुरूषों की टीम तथा तीसरे स्थान पर बेसिक साइंस रही।आज श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज वार्षिक खेल कूद- 2026 प्रतियोगिता में टेबिल टेनिस पुरूष एवं महिला वर्ग के मैच भी खेले गये। टेबिल टेनिस-2026 महिला वर्ग में शिक्षा विभाग की छात्रा रूही प्रथम स्थान, शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्रा शगुन द्वितीय स्थान तथा शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्रा अवंतिका तृतीय स्थान पर रही। वही टेबिल टेनिस-2026 पुरूष वर्ग प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र आयुष बालियान प्रथम स्थान, शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र आयुष चौधरी कृषि विज्ञान विभाग द्वितीय स्थान पर तथा बीबीए का छात्र तृतीय स्थान वंश चौधरी रहा। आज क्रिकेट का दूसरा मुकाबला एमकाम और बीबीए के बीच हुआ। जिसमें बीबीए की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमकाम की टीम ने 8 ओवर में 6 विकेट खोकर 77 रन बनायें। फिर बीबीए. की टीम ने बल्लेबाजी करते हुये 8 ओवरों में 6 विकेट पर 79 रन बनाकर जीत दर्ज की।क्रिकेट का तीसरा मुकाबला बीएससी(कृषि विज्ञान) एवं एमसीए के बीच खेला गया। इस मैच में बीएससी(कृषि विज्ञान) की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये बीएससी(कृषि विज्ञान) की टीम ने 9.5 ओवरो में 10 विकेट पर 71 रन बनाये। जवाब में रनों का पीछा करने उतरी एमसीए की टीम ने 6.5 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया तथा 6 विकेट से यह मैच अपने नाम कर लिया। आज क्रिकेट का चौथा मुकाबला एसआरपी तथा बीटेक के बीच खेला गया। इस मैच में बीटेक ने शानदार जीत लिया।आज क्रिकेट का आखिरी मुक. ाबला होमसाइंस एवं बीटेक-2 के बीच खेला गया। इस मैच में बीटेक-2 की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये होम साइंस की टीम ने 10 ओवरो में 04 विकेट पर 78 रन बनाये। जवाब में रनों का पीछा करने उतरी बीटेक-2 की टीम ने 4.7 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया तथा 9 विकेट से यह मैच अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्य

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, शावेज पुत्र इनाम इलाही अंसारी, निवासी- जामिया नगर, जनपद मुज़फ्फरनगर, ने वर्ष 2001 में एस. डी. इंटर कॉलेज, मुज़फ्फरनगर से कक्षा 10 उत्तीर्ण की थी। मेरे नाम से जारी मूल स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टी. सी.) कहीं गुम हो गया है, जो काफी खोजबीन के बाद भी प्राप्त नहीं हुआ। मैंने संबंधित विद्यालय में उक्त टी.सी. की द्वितीय प्रति (डुप्लीकेट) जारी कराने हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति या जानकारी हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिवस के भीतर संपर्क करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड न. 516769156907 और पैन कार्ड EXFPA1679R मे मेरे पिता का नाम मोहम्मद मुस्तफा अंकित है जबकि पासपोर्ट में गलती से उनका नाम मुस्तफा अंकित हो गया है। भविष्य में समस्त कार्यो के लिए मेरे पिता का नाम मोहम्मद मुस्तफा ही जाना, पहचाना व पुकारा जाये।

**खलील अहमद**
**पुत्र मोहम्मद मुस्तफा**
**निवासी 197 सिकन्दरपुर,**
**मुजफ्फरनगर उ०प्र० 251315**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा पुत्र साहिल व उसकी पत्नी साईन गलत संगत में पड़ गए हैं और मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने में नहीं हैं इनके गलत आचरण के चलते मैने इन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इनसे सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं भविष्य में मेरा इनसे कोई मतलब वास्ता नही रहेगा। साहिल व साईन के किसी भी लेन-देन व अपराधिक कृत्य के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**शमीम पुत्र रफ़ीक**
**निवासी- राई नंगला जामिया नगर, चरथावल**
**थाना चरथावल**
**ज़िला मुज़फ्फरनगर।**

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि मै. वनस्पति फोजन फूड प्रा. लि. रजि. आफिस 860/148 अम्बा विहार मुजफ्फरनगर की अकृषक भूमि क्षे. 0.2352 है. भाग भूमि गाटा सं. 1693 व 1695 ग्राम बरतर खास तहसील सिकन्दराराऊ जिला हाथरस द्वारा बैनामा 2224 दि. 15.04.2023 को खरीदी थी की चेन में पुराना असली बैनामा पंजी. सं. 4848 दि. 11.05.1999 वास्तव में कहीं खोया हुआ हैं, वर्तमान स्वामी मै.वनस्पति फोजन फूड प्रा. लि. के द्वारा लिए जाने वाले ऋण के लिऐ उक्त सम्पत्ति को पी.एन.बी. एम.सी.सी. मुजफ्फरनगर में बंधक करना चाहती है। यदि उक्त मूल वैनामें यदि किसी बैंक या वित्तीय संस्था में बंधक है या इस बाबत किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अन्दर सूचित करें, अन्यथा सम्पत्ति पंजाब नैशनल बैंक में बंधक की जाऐगी, उस दशा में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**श्री धर्मेन्द्र कुमार चीफ मैनेजर पी. एन .बी. एम. सी. सी. मुजफ्फरनगर**
**मो० न० 9476290281**

**बैठक सम्बन्धी सूचना**

जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बुड़ीना खुर्द में प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0 बुड़ीना खुर्द वि0ख0 बघरा मु0नगर के गठन हेतु दिनांक 25/02/2026 को दोपहर 1:00 बजे ग्राम बुड़ीना खुर्द में मौ0 अफसर पुत्र मौ0 अबरार के घेर पर एक बैठक बुलाई गयी है। कृप्या ग्राम पंचायत बुड़ीना में रहने वाले व्यक्ति को समिति के सदस्य बनना चाहते हो तथा वो मछली पालने एवं पकड़ने एवं अन्य गतिविधियों से जुड़े कार्य जानते हो बैठक में भाग लेकर सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। आधार कार्ड लाना आवश्यक है।

**कार्यालय नगर पंचायत चरथावल मुजफ्फरनगर**

पत्रांक 219/न.पं.च. / 2025-26 दिनाँक 17/02/2026

**अल्पकालीन नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं, कि नगर पंचायत चरथावल (मुजफ्फरनगर) वर्ष 2025-26 के लियें नीलामी दिनांक 25-02-2026 कों समय पूर्वाहन 12:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत चरथावल में कान्हा गौशाला के गोबर की सार्वजनिक नीलामी होगी, इच्छुक व्यक्ति निर्धारित जमानत धनराशि जमा करकें नियत स्थान व समय पर उपस्थित होकर बोली बोल सकतें हैं। किसी भी बकायेदार कों बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा, सभी शर्ते व गोबर का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत चरथावल पर किया जा सकता हैं । बोलीदाता को परिचय के तौर पर फोटो पहचान पत्र या इसकें समकक्ष अन्य प्रमाण बोली से पूर्व प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

**विशेषः** बोलीदाता कों निर्धारित जमानत धनराशि दिनॉक 25-02-2026 समय पूर्वाहन 12:00 बजे तक रसीद के माध्यम से जमा कराना अनिवार्य होगा जिसकी वापसी अगले दिन चैक के माध्यम से की जायेगी ।

**नीलामी विवरण निम्नवत है।**

| क्र.स. | मद | जमानत की धनराशि |
|---|---|---|
| 01 | कान्हा गौशाला से निकलने वाले गोबर की नीलामी। | 20,000.00 रू. |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत चरथावल**
**मुजफ्फरनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत चरथावल**
**मुजफ्फरनगर**

## सांझक चौकी इंचार्ज की एसएसपी से शिकायत

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर क्षेत्र के ग्रामीण और बसपा नेता पुलिस कार्यालय पहुंचे और सांझक चौकी इंचार्ज पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके तबादले की मांग की। ग्रामीण योगेश ने बताया कि 19 फरवरी की रात उनका परिवार कार द्वारा शादी से गांव लौट रहा था, जहां बरवाला गेट के पास दूसरी कार ने उनकी कार में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दी थी। यह मामला सांझक चौकी पर पहुंचे तो दरोगा प्रवीण शर्मा पर आरोप है कि उन्होंने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और उन्ही की कार क्षतिग्रस्त हुई और दूसरे कार चालक का पक्ष लेते हुए उनके कागज चैक करने को कहा उधर बीएसपी उपकार बावरा नेता ने भी दरोगा प्रवीण शर्मा पर आरोप लगाते हुए उन्होंने इससे पहले भी एससी समाज के बच्चों के साथ दुर्व्यवहार किया था। उपकार बावरा और योगेश ने बताया कि दरोगा प्रवीण शर्मा ने कुछ दिन पूर्व एससी समाज के बच्चों के साथ मारपीट करते हुए उन्हे अपशब्द कहे थे। एसएसपी ने शिकायत लेकर पहुंचे लोगों को कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# शिव जयंती महोत्सव में होगा वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान



**मोरना।** शुकतीर्थ मे स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, स्वीट साइलेंस धाम में आगामी गुरुवार को हशिव जयंती महोत्सव मनाया जायेगा जिसमे वरिष्ठ नागरिको को सम्मानित किया जायेगा तथा योग साधना का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

सेंटर की संचालिका बीके प्रवेश दीदी ने कार्यक्रम के बारे बताया की आगामी 26 फ़रवरी को शिव जयंती महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जायेगा जिसमे विभिन्न विभागों से सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान किया जायेगा व पुष्प वर्षा के बीच होली मिलन किया जायेगा। कार्यक्रम मे अध्यात्मिक प्रवचन, योग ध्यान साधना प्रशिक्षण, मन को प्रसन्न व तन को स्वस्थ रखने के उपाय बताये जाएंगे। सुख व शान्ति की अनुभूति कराई जायेगी कार्यक्रम मे जनप्रतिनिधि, समाजसेवी बड़ी संख्या मे भाग लेंगे।

## डीएम और एसएसपी ने सुनी जन समस्याएं

**बुढ़ाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के जिला अधिकारी उमेश चंद्र मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के द्वारा शनिवार को बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन बुढ़ाना के सभागार में पहुंचकर संपूर्ण समाधान दिवस में आए क्षेत्र के लोगों की समस्याओं कोघ बहुत ही ध्यान से सुना गया। संपूर्ण समाधान दिवस में 42 शिकायतें ही आ पाई। जिनमें से दोनों अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही कुल 08 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया जबकि शेष बची हुई सभी 34 शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इसके अतिरिक्त दोनों अधिकारियों के द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों और शिकायतकर्ताओं को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के सम्बन्ध में भी जागरूक किया गया तथा साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में भी विस्तार से बतलाया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य रूप से मुजफ्फरनगर जनपद के मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर कंडारकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील तेवतिया, एसडीएम कृष्णकांत विवकर्मा, तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव और अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## काली नदी किसान समिति की सभा संपन्न

**मुजफ्फरनगर।** काली नदी किसान समिति सभा खांजापुर पर चौधरी शुभम गोयल के कृषि फार्म पर हुई। जिसकी अध्यक्षता विकास गर्ग ने की। संचालन अजय बांठला व निर्दोष त्यागी एडवोकेट ने किया। काली नदीम किसान समिति के अध्यक्ष विजय कश्यप ने किसान सभा खाजापुर ने कहा कि नगर पालिका द्वारा 60 हजार का बजट विकास के लिए दिया गया है।, जिसमें 27 फरवरी में मीटिंग बोर्ड की पास करना है। खांजापुर की सारी सडके पक्की व मजबूत बना दो व पुल भी बना दो। पुल में वेदप्रकाश कश्यप, हाजी जहीर, मंजु कश्यप, नूरजहां बेगम, अतर सिंह, बाबू जैदी, प्रदीप उत्तरेजा, आसमौहम्मद, सोनू चुध, आसमा प्रवीन आदि मौजूद रहे।

# एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर ने पकड़े पशु

## अवैध परिवहन का आरोप, 6 भैंस और गाय को लिया कब्जे में

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शनिवार शाम बुढ़ाना रोड पर पशुओं के अवैध परिवहन का मामला उजागर हुआ। खतौली की ओर आ रही एक संदिग्ध डीसीएम को सामाजिक संगठन एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर की टीम ने पीछा कर रुकवाया। वाहन पूरी तरह त्रिपाल से ढका था और अंदर पशुओं को बेहद तंग हालत में भरा गया था।

जानकारी के अनुसार, पीछे चल रहे मोटरसाइकिल सवार लोक. ेंद्र को उस समय शक हुआ जब त्रिपाल के बीच से एक बछड़े का मुंह बाहर दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत संस्था के संस्थापक पुनीत अरोरा को सूचना दी।

सूचना मिलते ही टीम सक्रिय हो गई और वाहन का पीछा करते हुए सोसाइटी गेट के सामने उसे घेर लिया। पुलिस को सूचना देने के बाद वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें छह भैंस, एक गाय और उनके सात छोटे बच्चों समेत कुल 14 पशु अत्यंत दयनीय अवस्था में पाए गए। पशुओं के बैठने, हिलने-डुलने और सांस लेने तक की पर्याप्त जगह नहीं थी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल मौके पर पहुंचे और भीड़ को नियंत्रित करते हुए तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया।

पुलिस ने चालक व उसके सहयोगी को हिरासत में लेकर वाहन को कब्जे में ले लिया था। संस्था की ओर से मौके पर ही पशुओं के लिए चारा और पानी की व्यवस्था की गई। देर रात संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। संस्था के संस्थापक पुनीत अरोरा ने प्रशासन से मांग की है कि पशुओं के अवैध एवं अमानवीय परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जाए और नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## धारदार हथियार से हमला कर युवक को किया घायल

**मोरना।** क्षेत्र के गांव चौरावाला मे युवक पर धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष मे रोष व्याप्त हो गया।पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना ककरौली क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी सुशील ने शिकायत कर बताया कि वह गांव निवासी एक युवक के घर जमीन खरीदने की बात करने गया था। तभी आरोपी युवक व उसके भाई ने धारदार हथियारों से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी तरह वह आरोपियों से बचकर अपने घर पहुंचा। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने चौरावाला निवासी सगे भाइयों प्रमोद व हरीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

# किसान गोष्ठी का किया गया सफल आयोजन

**बुढ़ाना/सिसौली।** कस्बा सिसौली में गन्ना विकास एवं उन्नत कृषि तकनीक पर एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के कई गांवो के किसानों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। यहां पर कृषि एवं गन्ना विभाग के अधिकारियों और विशेषज्ञों ने आधुनिक खेती, रोग नियंत्रण तथा उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सहारनपुर के उप गन्ना आयुक्त डॉक्टर ओपी सिंह ने गन्ने की प्रजातियों में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने किसानों से अधिक उत्पादन और बेहतर गुणवत्ता के लिए उन्नत किस्मों को अपनाने का आ]वान किया। हरियाणा के गन्ना संस्थान करनाल से आए पूर्व निदेशक डॉक्टर एसके पाण्डेय ने गन्ना फसल में लगने वाले कीट एवं रोगों की पहचान और उनके प्रभावी नियंत्रण उपायों की वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की। वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर अशोक कुमार ने पेड़ी प्रबंधन पर प्रकाश डाला। उन्होंने समय पर सिंचाई, संतुलित उर्वरक उपयोग और उचित देखभाल से उत्पादन बढ़ाने के तरीके बताए। उन्होंने किसानों को लाल सड़न रोग से प्रभावित को 0238 प्रजाति के स्थान पर को 0118, को 15023, को 98014, को 18231 प्रजातियों को अपनाने की सलाह दी।

उन्होंने गन्ना बीज चयन में सावधानी बरतने और 2 आंख वाले टुकड़ों को फफूंदी नाशक से उपचारित करने का भी सुझाव दिया। यहां पर महाप्रबंधक कुलदीप राठी ने भूमि सुधार, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण और ट्राईकोडर्मा के उपयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बीज पौधशाला स्थापना की प्रक्रिया समझाई। एरिया मैनेजर विनेश कुमार ने बीज उपचार



सीड ट्रीटमेंट की विधि और उसके लाभों के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने लागत कम करने और मिटी की सेहत सुधारने के सुझाव दिए। वहीं संगठन के नेता गौरव टिकैत ने किसानों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और उनकी समस्याओं को सुना। गोष्ठी में ओमबीर सिंह, हरिओम, संजीव, सुमित, संदीप, गजेंद्र व राजकिशोर सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। किसानों में रेशपाल अक्खी, रणवीर, सोराज, फूल सिंह, अरविंद, हरवीर, देवराज, रवि, मेनपाल सिंह, जसवीर, राज कुमार व विनीत कुमार समेत अन्य कृषक उपस्थित रहे।

## वारंटियों को पकड़कर भेजा जेल

**चरथावल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे चलाए जा रहे वारंटी पकड़ अभियान मे पुलिस द्वारा दो वारंटीयों को पकडकर जेल भेजा गया जानकारी के अनुसार चरथावल पुलिस द्वारा वारंटी पकड़ अभियान मे वारंटी जावेद पुत्र शंभू निवासी तगायान मुस्लिम कस्बा चरथावल व अरुण सैनी पुत्र सलेकचंद निवासी सैदपुरा कला थाना चरथावल को पकडकर पुलिस द्वारा जेल भेजा गया वारंटी पकड़ अभियान मे दो वारंटीयों के पकड़े जाने से अन्य वारंटीयों मे भी खलबली मची हुई है पुलिस द्वारा वारंटीयों के पकड़ने का अभियान बहुत तेजी से चलाया जा रहा है । बता दे कि चरथावल पुलिस लगातार अपराधियों को जेल भेज रही है। विगत दिवस भी अलग-अलग मामलों में पुलिस ने बदमाशों को जेल भेजा था।

# मारुति ब्लास्ट ने 5 गेंद बाकी रहते नाइट राइडर को दी शिकस्त

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** एमआईपीएल के दूसरे मुकाबले में दर्शकों को आखिरी ओवर तक सांसें थाम देने वाला रोमांच देखने को मिला। कांटे की टक्कर में मारुति ब्लास्ट ने नाइट राइडर को 5 गेंद शेष रहते 3 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मुकाबले का असली नायक बने कप्तान आकाश गुप्ता, जिनकी विस्फोटक बल्लेबाजी ने हारी बाजी को जीत में बदल दिया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला करने वाली मारुति ब्लास्ट के सामने नाइट राइडर ने 15 ओवर में 5 विकेट पर 169 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। नाइट राइडर की ओर से पुरुष मित्तल ने आक्रामक अंदाज में 29 गेंदों पर 75 रन ठोके, जिसमें 8 छक्के और 4 चौके शामिल रहे। शश्वत गोयल द्ध28ऋ और पराग कंसल (26) ने भी अहम योगदान दिया। मारुति ब्लास्ट के लिए रोहन रस्तोगी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके, जबकि संचित गोयल और मोहम्मद शाहिद को एक-एक सफलता मिली।

170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मारुति ब्लास्ट की टीम ने संयम और आक्रामकता का संत. ुलन बनाए रखा। कप्तान आकाश गुप्ता ने मात्र 18 गेंदों में 59 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 7 गगनचुंबी छक्के और 2 चौके शामिल थे। उनके इस धमाकेदार प्रदर्शन ने मैच का रुख पलट दिया। पियूष गर्ग और मोहम्मद शाहिद ने 24-24 रन जोड़कर जीत की राह आसान की।

नाइट राइडर की ओर से पीयूष मित्तल ने 2 विकेट लिए, जबकि



डॉ. आशीष और दीपक को एक-एक सफलता मिली, लेकिन वे टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं हो सके। आकाश गुप्ता को उनकी मैच विजेता पारी के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। टीम की जीत में कोच इफ्तिखार हुसैन की रणनीति भी कारगर साबित हुई।

रोमांच से भरपूर इस मुकाबले के बाद दर्शकों ने दोनों टीमों के जज्बे और खेल भावना की जमकर सराहना की गई।

# सैनपुर में आयोजित हुई भाकियूअ की बैठक

**बुढाना। भारतीय** किसान यूनियन अराजनितिक की एक आवश्यक मीटिंग बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव सैनपुर में भूपेंद्र सिंह के आवास पर आयोजित की गयी। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की सहमति से गांव सैनपुर के निवासी शाहील सिंह को गांव सैनपुर का ग्राम अध्यक्ष बनाते हुए हाथों हाथ नियुक्ति पत्र भी सौंपते हुए कहा गया कि वे दस दिनों के भीतर अपनी पूरी कार्यकारिणी बनाकर ब्लाक कमैटी को भी अवगत कराएं।

यहां पर संगठन को मजबूत करने और किसानों की समस्याओं को लेकर भी जोरदार चर्चा की गई। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन अराज. नितिक के बुढाना ब्लाक अध्यक्ष ठाकुर पिन्टू सिंह, बुढ़ाना ब्लाक के उपाध्यक्ष घनश्याम सैनी, गौतम सिंह, अंशुल सिंह, अक्षय सिंह, मनोज सिंह, केशव सिंह, जितेंद्र सिंह, आर्यन जैन, सूरज कुमार और छोटा सैनी सहित अन्य काफी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## युवती घर से नकदी व जेवरात लेकर फरार

**बुढ़ाना।** एक नवयुवती को उसके ही गांव का एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली बुढ़ाना की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के एक ग्रामीण ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसकी लगभग 18 साल की पुत्री जो कि चौकी क्षेत्र के एक इंटर कालेज में शिक्षा ग्रहण करती है।

वह बीमार हो जाने के कारण कई दिनों से कालेज नहीं जा रही थी। बीती 19 फरवरी की सुबह लगभग छह बजे जब वह बुढ़ाना की सब्जी मंडी में गया तो उसके घर से आने के बाद उसकी पुत्री बिना बताए घर से चली गयी। उसे पूरा शक है कि उसकी पुत्री को उसके ही गांव का मेहरा उर्फ काला पुत्र ओमबीरा बहला फुसलाकर भगा ले गया है। उसकी पुत्री घर से 15 हजार रूपये, सोने और चांदी के आभूषण आदि सामान अपने साथ ले गई है। पीड़ित पिता ने बुढाना पुलिस से आरोपी मेहरा के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही और अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी और नवयुवती की तलाश शुरु कर दी है।

# भाकियू तोमर का धरना मांगों की मंजूरी के साथ समाप्त

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के बैनर तले सदर तहसील परिसर में पिछले 5 दिनों से चल रहा किसानों का अनिश्चितकाल. ीन धरना प्रदर्शन आज सफलतापूर्वक समाप्त हो गया। प्रशासन द्वारा किसानों की सभी प्रमुख मांगों को स्वीकार किए जाने के बाद संगठन ने आंदोलन समाप्त भाकियू (तोमर) का मुख्य विरोध किसानों की जमीनों पर भू-माफियाओं द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जों को लेकर था। पिछले 5 दिनों से किसान अपनी मांगों पर अड़े हुए थे। संगठन के कड़े रुख और लगातार जारी विरोध के बाद, आज प्रशासनिक अधिकारियों ने हस्तक्षेप किया और किसानों की चिंताओं का समाधान करने का ठोस आश्वासन दिया।,संगठन के पदाधिका. रियों ने उपजिलाधिकारी को अपनी मांगों का अंतिम ज्ञापन सौंपा। प्रशासन द्वारा सभी मांगों पर सहमति जताने के बाद, यूनियन ने आधिकारिक रूप से धरने को समाप्त करने की घोषणा की और संगठन के जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी ने मिडिया को जानकारी देते हुए बताया कि अभी फिलहाल मे जो प्रधानमंत्री ने अमेरिका के साथ ट्रैड बिल पास किया है वो पूर्ण रूप से किसान विरोधी है जिसके चलते कल 22 फरवरी को संगठन प्रधानमंत्री के सामने पूर्ण से ट्रैड बिल का विरोध करेगा न निखिल चौधरी ने बताया कि मेरठ के आस पास के जिले जैसे मुजफ्फरनगर मेरठ बिजनौर हापुड बागपत जैसे जिले मोहदनपुर मैट्रो स्टेशन पर पहुचनै का काम करेंगे।

इस मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी युवा जिला



अध्यक्ष सोनू चौधरी कार्यकारिणी प्रदेश प्रभारी हसीर चौधरी ब्लाक अध्यक्ष पुरकाजी दिलशाद राणा ब्लाक उपाध्यक्ष अरुण कशयप आकिल राणा डाक्टर संजय त्यागी शमशाद भूरा हाथी मुस्तफा शारूख आदि मौजूद रहे।

# अपर आयुक्त ने नगर पंचायत का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शनिवार की दोपहर शासन के निर्देश अनुसार सहारनपुर मंडल के अपर आयुक्त प्रशासन भानू प्रताप यादव के द्वारा नगर पंचायत बुढाना का निरीक्षण किया गया। अपर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान जन्म मृत्यु, कर वसूली, जल मूल्य व निर्माण कार्य से सम्बन्धित अभिलेखों का निरीक्षण किया गया।

समस्त अभिलेखों का रख रखाव उचित प्रकार से किये जाने व जन्म की पंजिका को संरक्षित किये जाने के निर्देश दिये गये। सम्पत्ति रजिस्टर की जॉच करते हुए निर्देश दिये गये कि समस्त सम्पत्तियों का उचित प्रबन्धन किया जाये। अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन द्वारा अवगत कराया गया कि सरकारी सम्पत्ति पर काफी लोगों के द्वारा अवैध कब्जे किये गये हैं। जिनके सम्बन्ध में वाद माननीय न्यायालय में



विचाराधीन हैं। अपर आयुक्त द्वारा वादो में प्रभावी पैरवी किये जाने और वादो का शीघ्र निस्तारण किये जाने के लिए भी निर्देशित किया गया। अपर आयुक्त द्वारा कार्यालय के रख रखाव, सौन्दर्यकरण, हरियाली एवं साफ सफाई की प्रशंसा की गई। निरीक्षण के समय बुढ़ाना नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक सतीश कुमार पंवार, सुमित शर्मा, दिनेश त्यागी, सुधीर कुमार, शाह आलम और सचिन कोरी सहित अन्य समस्त कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कुल मिलाकर यहां पर इस निरीक्षण के दौरान सभी कुछ सही पाया गया।

## तहसील-ब्लाक का किया निरीक्षण

**बुढ़ाना।** सहारनपुर मंडल के अपर आयुक्त प्रशासन ने बुढ़ाना ब्लॉक कार्यालय और तहसील रिकार्ड का वार्षिक निरीक्षण किया। आईजीआरएस पटल में उन्होंने कुछ वृद्धि करने के निर्देश दिए। ब्लॉक बुढ़ाना परिसर की सफाई तथा ब्लाक कार्यालय के अतिरिक्त आवासीय भवनों का भी निरीक्षण किया। ब्लाक खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार और मौहम्मद इनाम सहित अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा। ब्लॉक कार्यालय के निरीक्षण के बाद अपर आयुक्त भानू प्रताप यादव तहसील परिसर में भी पहुंचे। उन्होंने बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव के साथ राजस्व रिकार्ड सहित अन्य अर्घभिलेखों का भी निरीक्षण किया।

# 3500 परिवारों को 75 करोड़ की सहायता राशि का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2025 के अंतर्गत 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ की क्षतिपूर्ति राशि का वितरण एवं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 3500 परिवारों को रुपया 75 करोड़ की सहायता राशि का वितरण कार्यक्रम लखनऊ में किया गया आयोजित, जिसका सीधा प्रसारण विकास भवन के सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल, मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह, अप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार सिरोही, जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया, तहस. ीलदार सदर राधेश्याम गोड़ तथा कृषि विभाग का समस्त स्टाफ एवं पात्र लाभार्थियों ने लाइव प्रसारण को देखा।

लाइव प्रसारण के उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल एवं मुख्य विकास अधिकारी तथा अपर जिला अधिकारी प्रशासन ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत तहसील सदर, खतौली, जानसठ, बुढ़ाना के पात्र लाभार्थियों को सां. केतिक चेक तथा फसल बीमा योजना के अंतर्गत तहसील सदर, खतौली,जानसठ, बुढ़ाना के पात्र लाभार्थियों को पांच लाख रुपए के सांकेतिक चेक प्रदान किये।

# गोल्डन पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** पचेंडा रोड स्थित, गोल्डन पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में विद्यालय के राज योग हाउस (कप्तान- अनन्या बंसल), भक्ति योग हाउस (कप्तान- आरोही), कर्म योग हाउस (कप्तान- निधि चौधरी) और ज्ञान योग हाउस (कप्तान- माही) की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम वर्मा व उपप्रधानाचार्य राजीव वर्मा द्वारा किया गया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। प्रतियोगिता में सभी हाउसों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह,



ऊर्जा और खेल भावना के साथ अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला राज योग हाउस और ज्ञान योग हाउस के बीच हुआ, जिसमें राज योग हाउस ने उत्कृष्ट तालमेल और रणनीति का परिचय देते हुए जीत हासिल की। विज. ेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में खेल अध्यापक, अध्यापिकाओं एवं समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शीतला माता के मुख्य प्रसाद का आयोजन 10 व 11 मार्च को

**मीरापुर।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध शीतला माता (बबरे वाली) मेले का आयोजन 7 मार्च से 13 मार्च तक श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया जाएगा। मेले के दौरान प्रतिदिन प्रातः 8 बजे मां भगवती की भव्य आरती संपन्न होगी। 10 और 11 मार्च को माता का मुख्य प्रसाद चढ़ाया जाएगा, जिसमें दूर-दराज से हजारों श्रद्धालुओं के पहुं. चने की संभावना है।

श्री शीतला मातेश्वरी मंदिर के मंत्री अनिरुद्ध शारदा ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 मार्च को मेले का विधिवत शुभारंभ होगा। 8 मार्च को प्रातः 8 बजे पडाव चौक से माता के पावन ध्वज की शोभायात्रा बैंड-बाजों के साथ निकाली जाएगी, जो मुख्य मार्गों से होती हुई मंदिर परिसर तक पहुंचेगी। उसी दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज स्थापना की जाएगी। 12 मार्च को यज्ञ, भंडारा और ब्रह्मभोज का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्रवासियों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर की



स्थापना को लेकर प्रचलित मान्यता है कि इसका इतिहास महाभारत काल से जुड़ा है। जनश्रुति के अनुसार लगभग 5731 वर्ष पूर्व पांडु पुत्र अर्जुन और चित्रांगदा के पुत्र बबरू वाहन ने माता शीतला की स्थापना की थी। कहा जाता है कि माता की कृपा से उनके राज्य में फैली बीमारियों और महामारी से मुक्ति मिली थी। तभी से यह स्थान अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है। आज भी श्रद्धालु रोगों से रक्षा, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना लेकर मंदिर पहुंचते हैं। प्रत्येक सोमवार को बड़ी संख्या में भक्त पूजा-अर्चना करते हैं, वहीं नवविवाहित दंपत्ति वैवाहिक जीवन के शुभारंभ से पूर्व माता का आशीर्वाद लेने अवश्य आते हैं।

# वैश्य अग्रवाल समाज की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोकसभा सदस्य से की मुलाकात

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय अग्रजन महासभा के सचिव इंव बसन्त कुमार गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने लोकसभा सदस्य सुधीर गुप्ता से मिलकर उनको अंग वस्त्र एवं अग्र समाज की पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया और उनसे वैश्य समाज के हितार्थ विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर व्यवहारिक एवं सामाजिक अनुभव साझा किया जो वैश्य समाज को आगे बढ़ाने में मददगार साबित होगा।

प्लंबिंग शाप के रेनॉवेशन उपरान्त फीता काटकर कराया कार्यालय प्रवेश

पुरातन छात्र एसोसिएशन द्वारा गाँधी पॉलीटेक्निक की नलकारी कार्यशाला (प्लंबिंग शोप) की दीवारों, खिड़कियों, अलमारियों आदि की साफ-सफाई उपरान्त रंगाई-पुताई करायी गई। कार्यशाला अनुदेशक इं. अवधेश कुमार ने बताया कि वे वर्ष 2002 से इस कार्यशाला में कार्यरत हैं परन्तु विगत 24 वर्षों में पहली बार इस कार्यशाला में पुरातन छात्र एसोसिएशन द्वारा साफ-सफाई, रंगाई-पुताई व अन्य आधुनिकीकरण के इतने व्यापक कार्य कराये गये। गांधी पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य इं. राजीव सिंह ने फीता काटकर नवीनीकृत कार्यशाला में अनुदेशक इं. अवधेश कुमार व छात्रों को प्रवेश कराया। इस अवसर पर गांधी पॉलीटेक्निक के संस्थापक शिक्षा ऋषि श्पद्मा भूषण स्वामी कल्याण देव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया स प्रधानाचार्य इं. राजीव सिंह ने अपने संक्षिप्त संबोधन में पुरातन छात्र एसोसिएशन द्वारा गांधी पॉलीटेक्निक में कराये जा रहे मरम्मत, अनुरक्षण एवं नवीनीकरण के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रसंशा करते हुए सभी सहयोगी पुरातन छात्रों का धन्यवाद ज्ञापित किया। पुरातन छात्र एसोसिएशन के संयोजक इं. बसन्त कुमार गोयल ने बताया कि इस अवसर पर यांत्रिकी अभियन्त्रण विभाग के विभागाध्यक्ष इंद्र चमन लाल, प्रवक्ता मैकेनिकल इंजी. नियरिंग इं. बृजेन्द्र कुमार, प्रवक्ता यांत्रिकी डॉ. अभिषेक चौधरी, प्रवक्ता



भौतिक विज्ञान डॉ. नरेन्द्र पाठक, प्रवक्ता यांत्रिकी इं.सचिन कश्यप, प्रवक्ता विद्युत अभियंत्रण इं. ईशीता शर्मा, प्रवक्ता अंग्रेजी डॉ. अनुज चौधरी, प्रवक्ता गणित राकेश मोघा, कार्यशाला अधीक्षक विनोद वत्स, अनुदेशक ढलाई शाला अमित गंगवार, इ. संजय गोयल, इं. विपिन पालीवाल, इं. विनय कुमार, इं. अंकुर मेहरा, सुनील वर्मा, सुमन लता, स्वराज सिंह, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम आयोजन में वैभव सिंह, अरविंद कुमार, आशीष यादव, अंकित कुमार, हिमांशु, पवन, नितिन, नूरहसन, संजय, राकेश आदि का विशेष योगदान रहा।

# पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश

**मुजफ्फरनगर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी, ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत दावा एवं आपत्ति अवधि में अधिक से अधिक संख्या में पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित कराने तथा मतदाता सूची को शुद्ध करने के उद्देश्य से दावा एवं आपत्ति प्राप्त किये जाने हेतु चार विशेष अभियान दिवस आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

इन निर्देशों के क्रम में पूर्व में दिनांक 11 जनवरी, 18 जनवरी तथा 31 जनवरी, 2026 को विशेष अभियान दिवस आयोजित किये गये थे। इसी कड़ी में रविवार, दिनांक 22 फरवरी 2026 को प्रदेश के समस्त मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष अभियान दिवस को सफल बनाने के लिए विशेष अभियान दिवस में प्रत्येक मतदेय स्थल पर प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहेंगे। विशेष अभियान दिवस में प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था होगी जहाँ मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता प्रदान की जाएगी। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी अभियान तिथि पर बूथों पर उपस्थित रहकर अपना सहयोग प्रदान करेंगे। इस अभियान दिवस पर सभासदों, ग्राम प्रधानों एवं स्वयंसेवकों का भी नियमानुसार सहयोग लिया जाएगा।

समस्त नागरिकों से अपील है कि विशेष अभियान दिवस-22 फरवरी, 2026 को अपने बूथ पर जाकर अपना तथा अपने परिवार के सदस्यों के नाम 6 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में अवश्य जाँच लें। यदि किसी पात्र सदस्य का नाम मतदाता सूची में अकिंत नही है अथवा ऐसे सदस्य जिनकी आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो, उनका भी फार्म 6 घोषणा पत्र सहित भरवाकर अपने बूथ लेवल अधिक. ारी को उपलब्ध करा दें अथवा म्ब्छम्ज मोबाइल एप्लीकेशन या voters.eci.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त आलेख्य मतदाता सूची में अंकित अपनी प्रविष्टि में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए फॉर्म 8 भरा जा सकता है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# टप्पेबाज गिरोह का पर्दाफाश, 3 ठग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली मण्डी एवं सदर बाजार पुलिस की संयुक्त टीम ने बाजार में खरीदारी करने आई महिलाओं से ठगी और टप्पेबाजी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। जबकि गैंग लीडर पुलिस गिरफ्तार से बाहर है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2लाख 50 हजार रुपये नकद, एक अल्टो कार (सीज) तथा दो नाजायज चाकू बरामद लिए।



पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल ने पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह के निर्देश पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने किरण पुत्र गणेश निवासी जिला अरवल्ली गुजरात, सुमित कुमार पुत्र श्याम कुमार निवासी सुल्तानपुरी दिल्ली तथा आरती पत्नी स्व. गिलाराम को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी बाजार में खरीदारी करने आई महिलाओं को निशाना बनाकर उन्हें मीठी बातों में फंसाते थे और सोना दुगना करने का लालच देकर उनके आभूषण उतरवाकर फरार हो जाते थे। पुलिस के अनुसार 12 फरवरी को नियर डीएम कोठी बाजोरिया रोड निवासी रेखा शर्मा ने थाना कोतवाली मण्डी में तहरीर देकर बताया था कि एक अज्ञात महिला ने उन्हें और उनकी जेठानी को ई-रिक्शा में बैठकर अपनी बातों में फंसा लिया और सोना दुगना करने का झांसा देकर उनके आभूषण उतरवा लिए और मौके से फरार हो गई। इस संबंध में थाना कोतवाली मण्डी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। एसएसपी अभिन्नद सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मण्डी रोजन्त त्यागी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरो. पियों ने ठगी की कई घटनाओं को स्वीकार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी सुमित, किरण और आरती के खिलाफ सहारनपुर और दिल्ली में ठगी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में पूर्व से मुकदमे दर्ज हैं।

आरोपी संगठित गिरोह बनाकर विभिन्न शहरों में महिलाओं को निशाना बनाते थे। एसपी सिटी श्री बिंदल ने बताया कि गैंग की मुख्य आरोपी किरण नामक महिला अभी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। वार्ता के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकार मनोज यादव भी मौजूद रहे।

# किसान जन जागरूकता रैली निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** बसंत कालीन गन्ना बुआई को बढावा देने के उद्देश्य से बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल द्वारा मिल परिसर से किसान जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ उप गन्ना आयुक्त ओमप्रकाश सिंह व ईकाई प्रमुख रामबीर खोखर ने हरी झंडी दिखाकर किया।

ईकाई प्रमुख रामबीर खोखर ने बताया कि यह रैली अनेक गांव मे से गुजररेगी और किसानों को बसन्त कालीन उन्नत किस्म की गन्ना की विभिन्न वेरायटियों के बारे मे जानक. री देकर उन्हे इनकी फसल उगाने को प्रोत्साहित करेगी।

उन्होने कहा कि किसान भाई प्रमाणित बीज व वैज्ञानिक विधि से गन्ना की बुआई करें ताकि उन्हे पर्याप्त लाभ मिल सके।

इस अवसर पर मुख्य रूप से गन्ना विभाग अध्यक्ष चौधरी सिताब सिंह, प्रोडक्शन हेड महकार सिंह, इंजिनियरिंग हेड नवीन कुमार, मुख्य सुरक्षा अधिकारी महेश्वर शर्मा, सहायक महाप्रबंधक चन्द्र वीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, सचिन चौधरी के अलावा मिल के कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# बच्चों ने तैयार किए स्वादिष्ट व्यंजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के न्यू कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल में छात्रों के लिए कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन सैंडविच, बिस्किट, गाजर का हलवा, चाट, मिठाई व शेक इत्यादि जैसी स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किये।



कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रविन्द्र कंबोज प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज भागूवाला, बालकृष्ण शर्मा, पवन गुम्बर एवं स्कूल प्रबंधक श्याम कुमार सैनी ने किया। मुख्य अतिथि रविंद्र कंबोज ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में सभी प्रकार के कार्य करने की रुचि उत्पन्न होती है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर फ्रूट चार्ट टॉपिक में अंशुमन, विशेष, अंश और उत्कर्ष द्वितीय स्थान पर इडली, मूंग हलवा और शाही टुकड़ा में अभिज्ञान अनंत सृष्टि और अर्शी तृतीय स्थान पर मिठाई में सिमरन, मधु और विदु चतुर्थ स्थान पर पानी पुरी टॉपिक में लक्षिता, अक्षा, वंदना, चकोर आदि बच्चों को पुरस्कार वित. रित किए गए। बाकी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार वितरित कर सभी का उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य विकास कुमार सैनी ने बच्चों को बताया यह कल्पना और रचनात्मकता को बढ़ाना है और बच्चों को ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए ताकि वह भविष्य में हर प्रकार की गति. विधियों में आगे रहे।

## मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**चिलकाना।** रास्ते में खराब ऑटो रिक्शा को दूसरे ऑटो रिक्शा के पीछे बांधकर ले जाने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार नकुड थाना क्षेत्र के गांव जाजवा निवासी साहिल पुत्र रिजवान ने थाना पर तहरीर देकर अवगत कराया कि सोमवार की देर शाम वह अपने ऑटो रिक्शा को लेकर चिलकाना से अपने घर जा रहा था कि रास्ते में अहतराम पुत्र इस्तियाक निवासी मोहल्ला गढी कस्बा व थाना चिलकाना अपने खराब हुए ऑटो रिक्शा को मेरे ऑटो के पीछे बांधकर घर ले जाने को कहा, मेरे इंकार करने पर विपक्षी ने अपने साथी के साथ मिलकर मारपीट की।पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर विपक्षियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की।

# आईआईएमटी में लेक्चरर सीरीज का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में 'द पाथवे टू एक्सीलेंस इन एकेडमिक लेक्चर सीरीज दक्षता' का शुभारंभ किया गया।




कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुनील कुमार लाला किशन चंद डिग्री कॉलेज गंगोह , अमित कुमार डीएवी कॉलेज मुजफ्फरनगर उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि यह लेक्चर सीरीज साप्ताहिक रूप से आयोजित की जाएगी, जिसमें शिक्षकों को अनुसंधान से संबंधित विषयों पर अपने विचार एवं प्रस्तुतियाँ साझा करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, उत्कृष्ट प्रस्तुतियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।लेक्चर सीरीज के प्रथम सत्र में संस्थान की शिक्षिका श्रीमती ज्योति भारद्वाज एवं डॉ. पंकज ने बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर प्रभावी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर आशुतोष गुप्ता, डॉ. नेहा त्यागी एवं डॉ. कमल कृष्ण ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की अकादमिक पहल शिक्षकों के व्यावसायिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक सिद्ध होगी।कार्यक्रम के समापन पर संस्था की ग्रुप निदेशक डॉ. अंजू वालिया ने अपने संबोधन में कहा कि 'दक्षता' लेक्चर सीरीज का उद्देश्य शिक्षकों में अनुसंधान संस्कृति को सुदृढ़ करना, अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना तथा ज्ञान-साझाकरण की परंपरा को विक. सित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शैक्षणिक परिदृश्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ अनुसंधान, नवाचार एवं बौद्धिक संपदा अधिकारों की समझ अत्यंत आवश्यक हो गई है। लेक्चर सीरीज संस्था के चेयरमैन डॉ. एस. सी. कुलश्रेष्ठ की प्रेरणा से प्रारंभ की गई है। कार्यक्रम का आयोजन कोऑर्डिनेटर अश्विनी कुमार ने किया। मंच संचालन मोहम्मद असद ने किया।

# मंडल में प्रशिक्षण अभियान को लेकर बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** मंडल के शक्ति केंद्र फतेहपुर भादो में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण 2026 के निमित्त मंडल में होने वाले प्रशिक्षण कार्यशाला को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।



मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षण महाअभियान के जिला संयोजक प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग बिजेंदर कश्यप ने बैठक का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण, संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण है। मंडल कार्यशाला में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें रात्रि विश्राम भी पदाधिकारी करेंगे। जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल रहेंगे यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को सिखाएगा कि कैसे चुनौतियों को अवसर में बदला जाता है और कैसे जनसेवा के क्षेत्र में संवेदनशीलता और समर्पण की वृद्धि करनी है

अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित सैन व संचालन मंडल महामंत्री विशाल बंसल ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मंगल अभियान संयोजक दुबे सिंह काम्बोज, नगर प्रभारी मंजू शर्मा एडवोकेट, सहसंयोजक दिनेश शर्मा बबीता काम्बोज, अंकित वर्मा, अनुज राणा, ओम प्रकाश सैनी, रकम सिंह सैनी, प्रधान राज. कुमार, प्रधान सुखपाल, अनुज काम्बोज, ओम प्रकाश रविदासी, संदीप सैनी, सोनू धीमान, संदीप रोहिल्ला, रविश सैनी, धर्मपाल सैनी, नितिन सेन, सुधीर सैनी, रामकुमार कश्यप, सुरेंद्र कश्यप, ऋषिपाल उपाध्याय, राजकुमार बीडीसी, राजकुमार बत्रा, गौरव वर्मा, गुलजार बिहारीगढ़, भूपेंद्र शर्मा सुधीर सैनी, , गीता राम काम्बोज, उर्मिला सैनी, मीनू सैनी, आदि मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छात्राओं से महिला पुलिस का संवाद

**छुटमलपुर।** शनिवार को थाना फतेहपुर की एंटी रोमियो स्क्वॉयड एवं मिशन शक्ति टीम ने मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत एक प्रभावी एवं व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। टीम ने ग्राम बेहड़ा संदल सिंह सरस्वती इंटर कॉलेज और ग्राम मुरादनगर के जीवाला इंटर कॉलेज सहित प्रमुख स्थानों पर जाकर बड़ी संख्या में महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्राओं से सीधा संवाद स्थापित किया कार्यक्रम में मिशन शक्ति के सभी उद्देश्यों महिला सुरक्षा सम्मान स्वावलंबन और सशक्तिकरण को सरल एवं स्पष्ट भाषा में विस्तार से समझाया गया सत्र के दौरान घरेलू हिंसा दहेज प्रथा बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं के विरुद्ध दृढ़ संकल्प व्यक्त किया गया उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपाय और उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी प्रदान की गई।

उन्हें सतर्क सजग एवं आत्मविश्वासी बनने की प्रेरणा दी गई। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महिला सशक्तिकरण योजनाओं का विस्तृत परिचय भी कराया गया आपातकालीन सहायता के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। टीम ने सभी से अपील की कि किसी भी प्रकार की असुरक्षा की स्थिति में तत्काल इन नंबरों पर संपर्क करें।

## 205 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**नहटौर।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को नहटौर स्थित संगम सरोवर बैंकट हॉल में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों ने शिरकत की और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के लिए कुल 234 जोड़ों ने पंजीकरण कराया था। जिनमें से 205 जोड़े कार्यक्रम में उपस्थित हुए। 190 हिन्दू व 15 मुस्लिम जोड़ों का विवाह उनके संबंधित धर्म और रीति-रिवाजों के अनुसार पूरी विधि-विधान से संपन्न कराया गया। हिंदू जोड़ों ने अग्नि के समक्ष फेरे लेकर सात जन्मों के साथ का संकल्प लिया। मुस्लिम जोड़ों का निकाह उलेमाओं द्वारा सुन्नत के अनुसार पढ़ाया गया। प्रशासन द्वारा नवविवाहित जोड़ों के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शासन की ओर से मिलने वाली सहायता राशि और घरेलू सामान के किट भी जोड़ों को भेंट किए गए।

## भाषण प्रतियोगिता में हिमांशी रही प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** लाला किशनचंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के षष्ठम दिवस में विकसित भारत-2047 विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमे हिमांशी पुत्री देशपाल प्रथम, मुजम्मिल पुत्र सत्तार अहमद व सिया पुत्री जसबीर सिंह संयुक्त रूप से द्वितीय और फलक पुत्री मोहम्मद साजिद तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक डॉ आरती उपाध्याय रही। शिविर के दूसरे सत्र में स्वयंसेवको ने कार्यक्रम अधिकारी पूजा के निर्देशन में उत्साहपूर्वक स्वच्छता अभियान चलाकर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पोषित उद्यान की साफ-सफाई की और पौधों के रख रखाव का कार्य किया। महाविद्यालय स्टाफ का संच. ालन में पुर्ण सहयोग रहा।

# रोजे का एहतराम करना चाहिए: मौलाना आसिफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मौलाना आसिफ नदवी ने कहा कि रोजा अल्लाह की खास इबादत है और अल्लाह अफ्तार के वक्त रोजेदार के बेहद करीब होता है इसलिए रोजे का एहतराम करना चाहिए।



मदरसा असदिया के उस्ताद हजरत मौलाना आसिफ नदवी ने रमजान उल मुबारक की फजीलतें बयान करते हुए कहा कि रोजा अल्लाह की खास इबादत है।इतनी खास कि अल्लाह ने रोजे का बदला खुद देने का वादा किया है।इसलिए रोजे के हर लम्हे का सही इस्तेमाल करना चाहिए।सहरी और अफ्तार में ऐसी चीजें न खाएं जो कोई परेशानी पैदा कर दें। मौलाना आसिफ नदवी ने कहा कि इस पाक महीने में हर वक्त अल्लाह की रहमतें बरसती हैं।हर अमीर गरीब आदमी अल्लाह की वे सब नेमतें पा लेता है जो दूसरे दिनों में मुश्किल मिलती हैं।उन्होंने कहा कि अफ्तार का वक्त बेहद कीमती है।इस वक्त को इधर उधर घूमने की बजाए तस्बीह या दुआ में गुजारें।अपने लिए अपनों के लिए और देश के लिए खैर की दुआएं मांगें।क्योंकि अल्लाह के नबी का इरशाद है कि रोजेदार की दुआ रद नही की जाती।

हजरत मौलाना आसिफ नदवी ने कहा कि हलाल कमाई हलाल रिज्क खैर और कामयाबी का सबब हैं।

# डायट में कार्यशाला का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** एससीईआरटी लखनऊ के दिशा निर्देश पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पटनी में उप शिक्षा निदेशक / प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पटनी व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अरविंद कुमार पाठक के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में शिक्षा में शोध उपकरण एवं डेटा विश्लेषण विषय पर दो दिवसीय शोध कार्यशाला का समापन हुआ।



कार्यशाला के प्रमुख विषय विशेषज्ञ के रूप मे प्रोफेसर डी एन सनसनवाल पूर्व अध्यक्ष एनसीटीई नई दिल्ली व पूर्व विभाग अध्यक्ष एवं डीन अहिल्याबाई होलकर विश्व. विद्यालय इंदौर रहे। उन्होंने जर्क टेक्नोलॉजी के माध्यम से कक्षा शिक्षण को जीवंत करने तरीके शिक्षकों को सुझाये। प्रोफेसर अरुण कुमार संकाय अध्यक्ष स्कूल ऑफ एजुकेशन स्टडी डॉ बी आर अंबेडकर विश्वविद्यालय नई दिल्ली जिनके द्वारा शोध उपकरण का चयन करने की तरीके और डाटा संकलन हेतु प्रक्रिया को स्पष्ट किया।

डॉक्टर मुजम्मिल हसन एसोसिएट प्रोफेसर क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान एनसीईआरटी भोपाल से आए विषय विशेषज्ञ के द्वारा शिक्षकों को अपनी शिक्षण प्रक्रिया को आंनददायी और अंतरक्रियात्मक बनाने के प्रभावी तरीके सुझाये। कार्य्रकम प्रभारी डॉक्टर अजय कुमार के द्वारा कार्यक्रम का मंच संचालन किया गया। उक्त कार्यशाला मे आरती, महेन्द्र अधिकारी, संजय सिंह, सेठपाल, संदीप कम्बोज, राक. ेश कुमार डायट प्रवक्ता व समस्त ए आर पी और एस आर जी तथा शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यालय स्टॉफ सागर चौहान, नरेंद्र कुमार,परिश्रम सैनी का विशेष सहयोग रहा।

## चयन 23 को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला जूडो एसोसिएशन के संस्थापक सचिव दीपक गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय एवं उत्तर प्रदेश जूडो एसोसिएशन के समन्वय से लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 25 से 27 फरवरी तक आयोजित होने वाली प्रदेशीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु हेतु सहारनपुर जिला एवं मंडलीय टीम की चयन प्रतियोगिता 23 फरवरी को होनी निश्चित हुई है। उक्त चयन प्रक्रिया में 12 से 15 वर्ष तक के सभी बालक बालिकाएं जिनका जन्म 2012 2013 या 2014 में हुआ है।

### सूचना

मैने अपने पुत्र मौहम्मद जाकिर व पुत्रवधू सुमेरा को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**रशीद अहमद पुत्र स्व. मौहम्मद यासीन निवासी पीर वाली गली, गली नं.10, थाना मण्डी, सहारनपुर।**

### सूचना

मैंने अपने पुत्र अर्जुन कश्यप व उसकी पत्नी नेहा को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेंदार नहीं होगा।

**कंवरपाल पुत्र बिशम्बर निवासी ग्राम बुडढाखेड अहीर थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर। हाल निवासी धर्मवीर कालोनी, गागलहेडी, थाना गागलहेडी, जिला सहारनपुर।**


## कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर।

पत्रांक 3734 / जि0पं0 / नि0अनु0 / 2025-2026 दिनांक:- 20-2-2026

### अल्पकालीन, सामान्य / ई - निविदा सूचना

जिला पंचायत के पंजीकृत समस्त ठेकेदारो एवं उ0प्र0 शासकीय गजट नोटिफिकेशन संख्या 1425/23-2-2020-80जी -2000, दिनांक 14.07.2020 के अनुपालन में राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, सहारनपुर को प्राप्त धनराशि के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत कुल 46 निर्माण कार्य एवं 15 वॉ वित्त आयोग अनटाईड फण्ड के अन्तर्गत कुल 10 निर्माण कार्य व 15 वॉ वित्त आयोग टाईड फण्ड के अन्तर्गत 08 निर्माण कार्य एवं जिलानिधि के अन्तर्गत कुल 04 निर्माण कार्य (अंकन 10.00 लाख रूपये तक) की प्रथम-बार सामान्य निविदायें दिनांक 09.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो तददिनांक को अपरान्ह 03:00 बजे से उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष गठित निविदा समिति द्वारा कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर में खोली जाएगी व निविदा फार्म दिनांक 07.03.2026 को कार्यालय जिला पंचायत, सहारनपुर सें प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक क्रय किये जा सकेंगे।

जिला पंचायत, सहारनपुर को प्राप्त धनराशि के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त आयोग के कुल 07 निर्माण कार्य एवं 15 वीं वित्त आयोग अनटाईड फण्ड के कुल 02 निर्माण कार्य एवं 15 वॉ वित्त आयोग टाईड फण्ड के अन्तर्गत 19 निर्माण कार्य (अंकन 10.00 लाख रूपये से अधिक धनराशि की प्रथम बार ई-निविदा दिनांक 10.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो तददिनांक को अपरान्ह 03:00 बजे से गठित निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदाए ई-टैण्डरिंग व्यवस्था से डाउनलोड व अपलोड की जायेगी। प्रत्येक ई-निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ०डी०आर० जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, सहारनपुर के पदनाम पर बन्धक होगी संलग्न करनी होगी। ई-निविदा शुल्क ठेकेदार / फर्मो द्वारा स्वयं के खाते से दिनांक 09.03.2026 तक ऑनलाईन जिलानिधि के खाता संख्या 6218000100050711 आई०एफ०एस०सी० कोड PUNB0621800 पंजाब नेशनल बैंक कलक्ट्रेट कम्पाउण्ड, सहारनपुर में जमा करना होगा। जिसका यू०टी०आर० नम्बर स्केन कर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निर्माण कार्य से सम्बन्धित शर्तें किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 28.02.2026 के उपरान्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं जनपद की वैबसाईट www.saharanpur.nic.in से डाउन लोड कर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। किसी भी दशा में अनुबन्ध से पूर्व हुए कार्य को श्रमदान माना जायेगा। किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी / मा० अध्यक्ष महोदय, जिला पंचायत सहारनपुर में निहित होगा।

| | | |
|---|---|---|
| (मुकेश कुमार) | (चन्द्रवीर सिंह) | (मॉगेराम चौधरी) |
| अभियन्ता, | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष, |
| जिला पंचायत, सहारनपुर | जिला पंचायत, सहारनपुर | जिला पंचायत सहारनपुर |


# नकुड़ में डीएम व बेहट में एडीएम ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने साफ शब्दों में कहा कि जनता की शिकायतें फाइलों में दबकर नहीं रहेंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी अधिकारी की लाप. रवाही सीधे कार्रवाई का कारण बनेगी। इस ऐलान से फरियादियों में भरोसे और उम्मीद की नई लहर दिखाई दी।





फरवरी के तीसरे शनिवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम मनीष बंसल व एसएसपी अभिनन्दन सिंह स्वयं मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने जनता की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों को पारदर्शी व समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। राजस्व और पुलिस विभाग से जुड़े करीब 30 मामलों में मौके पर कार्रवाई के आदेश जारी किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सिंह ने थाना प्रभारियों को शांति समिति की बैठकें कराने संवेदन शील इलाकों में फ्लैग मार्च निकालने और असामाजिक तत्वों पर सख्त नजर रखने के आदेश दिए। इस दौरान विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**बेहट।** तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसमें फरियादियों की विभिन्न विभागों की कुल 60 शिकायतें दर्ज की गई, जिन में से मौके पर ही तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया।

जन शिकायते सुनने के बाद अपर जिलाधिकारी सलिल कुमार पटेल ने कहा कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

इस मौके पर एस डी एम मानवेन्द्र सिंह सी ओ एस एन वैभव पांडेय ,तहसीलदार विजय कुमार सिंह नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह,नायब तहसीलदार देवेंद्र कुमार प्रजापति, बीडीओ योगेंद्र कुमार, सीडीपीओ संयोगिता यादव, अफसाना बेगम,एस डी ओ विद्युत बृज मोहन सिंह,कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी थाना मिर्जापुर, प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह सहित थाना बिहारीगढ़ और थाना फतेहपुर थाना प्रभारी मौजूद रहे।

**रमजान मुबारक**



**पांचवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.29 |
| | शिया | 5.20 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.14 |
| | शिया | 6.30 |

रोजेदार को चाहिए कि बेवजह के बहस मुबाहसों ( तर्क वितर्क ) में न पड़े।ज्यादा बोलने से बचे क्योंकि जब कोई इंसान ज्यादा बोलता है तो कई बार ऐसी बातें भी बोल देता है जो उसे गुनाह में शामिल कर देती हैं।बेहतर है कि अपना ज्यादातर वक्त इबादत और जरूरी कामों में ही लगाएं,क्योंकि रमजान उल मुबारक का हर लम्हा बेहद कीमती है।
**कुरआन करीम**

# कमिश्नर का कलेक्ट्रेट, तहसील व ब्लॉक में निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त डा. रूपेश कुमार ने कलेक्ट्रेट, तहसील सदर एवं विकासखंड बलियाखेड़ी का निरीक्षण करते हुए पंजिकाओं एवं पत्रावलियों को बारीकि से देखा। उन्होंने कहा कि कार्यालय में कोई भी पत्रावली लंबित न रखी जाये।



मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट परिसर, जनपद स्तरीय समस्त राजस्व न्यायालय, राजस्व अभिलेखागार, न्यायिक अभिलेखागार, आंग्ल अभिलेखागार, भूलेख कार्यालय, मुख्य राजस्व लेखाकार कार्यालय, राजस्व लेखाकार पटल, सामान्य लिपिक पटल, नजारत, विधिक प्रशासनिक कार्यों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही संयुक्त कार्यालय में राजस्व सहायक प्रथम एवं द्वितीय, बिल सहायक पटल को भी देखा। पटलों के कार्य विभाजन को देखते हुए सभी को शासन के दिए गये निर्देशों के अनुरूप कार्य करने को कहा। उन्होने कहा कि कोई भी कार्य समय से सीमा के उपरान्त लम्बित न रहे। भूलेख अनुभाग में कृषक दुर्घटना की पत्रावलियों का निरीक्षण किया।

उन्होंने जिलाधिकारी न्यायालय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, वित्त एवं राजस्व, न्यायिक के न्यायालयों का निरीक्षण कर उन्होने निर्देश दिए कि पुराने वादों को दिन-प्रतिदिन की तिथि देकर यथाशीघ्र निस्तारित किया जाए। पांच वर्ष से अधिक पुराना कोई भी वाद लम्बित न रहे। मण्डलायुक्त द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था पर संतुष्टि व्यक्त की गयी। भूलेख में रिकॉर्ड व्यवस्थित ढंग से पाए गये। उन्होने सेवा पुस्तिकाओं का निरीक्षण किया जिसमें सभी अद्यतन इन्ट्रियां उल्लेखित थी। उसके उपरांत मंडलायुक्त ने तहसील सदर का निरीक्षण किया। तहसील सदर में साफ सफाई दुरुस्त पाई गई। उन्होंने न्यायालय उपजिलाधिकारी, न्यायालय तहसीलदार, रजिस्ट्रार कानूनगो अनुभाग, भू अभिलेखागार रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया। विवादित एवं अविवादित पत्रावली की यथास्थिति को जाना। 34 के संबंध में शीघ्र तिथिवार वादों का निस्तारण करने के लिए कहा। उन्होने नायब तहसीलदार नगर से पुरानी पत्रावली फाइलों को देखकर प्रतिदिन सुनवाई करते हुए वाद को निस्तारित करने के निर्देश दिए। रिकॉर्ड रूम में अभिलेखों का रख-रखाव ठीक पाया गया। समस्त फाईलों को परगना वार अद्यतन किया गया था। उन्होने निर्देश दिए कि वरासत से संबंधित मामले लम्बित न रहे तथा गांव में चौपाल लगाई जाए।

मण्डलायुक्त ने रजिस्ट्रार कानूनगो अनुभाग कक्ष में रजिस्टर मालिकान का अवलोकन किया तथा रजिस्टर से खतौनी का भी मिलान कर देखा सही पाया गया। न्यायालय तहसीलदार कक्ष में केस डायरी तथा सबसे पुरानी पत्रावली का निरीक्षण किया गया।

विकासखंड बलियाखेड़ी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि विकासखंड परिसर में खाली पड़ी भूमि पर पौधारोपण सहित फूलों के पौधे रोपित कर सौंदर्यीकृत किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विकास योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष बंसल, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, उप जिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार, तहसीलदार सदर जसमेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# नगर निगम में 31 मार्च तक अवकाश पर रोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने नगर निगम में विभागाध्यक्षों द्वारा कर्मचारियों को अवकाश देने के अधिकार पर 31 मार्च तक रोक लगा दी है। यहां तक कि सभी साप्ताहिक अवकाश, रविवार व महीने के दूसरे शनिवार को भी कार्यालय के लगभग सभी अनुभाग आवश्यकतानुसार खुले रहेंगे। पुनरीक्षित बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 में आय-व्यय सम्बंधी प्राविधानित आंकड़ों के अनुरुप प्रगति न होने के कारण यह आदेश जारी किया गया है। केवल नगरायुक्त द्वारा ही किन्ही विशेष आकस्मिक परिस्थितियों में अवकाश की स्वीकृति दी जायेगी।

नगरायुक्त द्वारा राजस्व हित में जारी आदेश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति यानि 31 मार्च तक किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को किसी भी प्रकार का आकस्मिक, उपार्जित अवकाश किसी भी विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त साप्ताहिक अवकाश माह का द्वितीय शनिवार व रविवार को भी अन्य कार्य दिवसों की भांति गृहकर-जलकर, सम्पत्ति, लेखा, निर्माण, जलकल आदि समस्त अनुभाग आवश्यकतानुसार यथावत खुले रहेंगे।

आदेश के अनुसार सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अनिवार्य रुप से उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए अपने कार्यो का सम्पादन किया जायेगा। विशेषकर गृहकर-जलकर अनुभाग व राजस्व वसूली में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

# 11 लाभार्थियों के खातों में 5-5 लाख रूपये स्थानान्तरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से अपने करकमलों से कृषि विभाग द्वारा संचा. लित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं राजस्व तथा आपदा विभाग के अन्तर्गत संचालित किसानों के सम्बन्धित बीमा योजनाओं के लाभार्थी किसानों को डीबीटी के माध्यम से क्षतिपूर्ति वितरण समारोह का लाईव प्रसारण किया गया।




जनपद में इस कार्यक्रम का लाईव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन की अध्यक्षता में किया गया। जनपद में संचालित मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत जनपद में कुल 11 कृषक लाभार्थी श्रीमती कंवलता पत्नी स्व राकेश कुमार, ग्राम लाखनौर, श्रीमती अंजू पुत्रवघू स्व सुरेन्द्र, ग्राम जुड्डी, श्रीमती गुड्डी पत्नी स्व भवंर सिंह, निवासी मौ शेखजादगान, श्रीमती शाहीन बानो पत्नी स्व शहजाद अली, निवासी शाहबपुरा, अमित कुमार पुत्र स्व तारा, निवासी कालूवाला जहानपुर, श्रीमती शीला माता स्व अंकुर कुमार निवासी दौलतपुर उर्फ चापरचिडी, आकाश शर्मा पुत्र स्व बेबी देवी, निवासी बाबैल बुजुर्ग, श्रीमती स्वीटी देवी पत्नी स्व ईश्वर पाल निवासी जन्धेडा समसपुर, श्रीमती निरमा देवी पत्नी स्व सतपाल निवासी ग्राम मोरा, श्रीमती अंजू पत्नी स्व सतपाल, निवासी भारापुर, श्रीमती पूजा यादव पत्नी स्व सोनू कुमार निवासी माण्डेबास को पांच-पांच लाख रूपये की धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से मुख्यमंत्री के द्वारा बटन दबाकर कृषक लाभार्थी के खातो में धनराशि स्थानान्तरित की गयी।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ-2025) की क्षतिपूर्ति हेतु जनपद में कुल 6 कृषक लाभार्थी करेशन ग्राम छपरेडी, लेखराज ग्राम रोशनपुर, श्यामलाल ग्राम अलीपुर सम्भालकी, श्रीमति बाला देवी ग्राम अलीपुर सम्भालकी, अंकित कुमार ग्राम अलीपुर सम्भालकी, बृजेश कुमार ग्राम अलीपुर सम्भालकी को योजना में लाभान्वित किया गया। जनपद की समस्त तहसीलों, विकासखण्डो एवं राजकीय कृषि निवेश केन्द्रों पर क्षतिपूर्ति वितरण समारोह का लाईव प्रसारण कृषको को दिखाया गया।

इस अवसर पर सन्दीप पाल, उप कृषि निदेशक, कपिल कुमार, जिला कृषि अधिकारी, नितेश कुमार, जिला समन्वयक फसल बीमा, नौरतु सिंह बादल, अमित कुमार एसएमएस एवं लाईव प्रसारण में 53 कृषकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# खेलों से मिल रही नई दिशाः चौ.नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लो. कदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि खेलों से युवाओं को नई दिशा मिल रही है।



चौ.नीरपाल सिंह ने यह बात आईसीएल मार्शल आर्ट्स और फिटनेस स्टूडियो में अपने स्वागत के बाद कही। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से युवाओं का खेलो के प्रति बहुत रुझान बढ़ा है। युवाओं ने खेलो में अपना भविष्य खोजा है,जिसमें उन्हें कामयाबी भी मिली है। खेलो से बच्चों को नई दिशा,ऊर्जा मिल रही है। राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर ला रहे है। राष्ट्रीय लो. कदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव और ग्रैपलिंग कुश्ती के प्रदेश अध्यक्ष चौ नरेन्द्र पंवार ने कहा कि खेल युवाओं को नशे से भी बचा रहे है। उन्होंने भारतवर्ष में संचलित डॉ. बी आर अम्बेडकर स्पोर्ट्स फाउंडेशन और देश में खेलों की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चर्चा की।

इस दौरान आईसीएल इंडियन कॉम्बैट लीग सीईओ आर. के. भारत, राष्ट्रीय मुक्केबाज सुमित चौहान व राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी कुलदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# व्याख्यान सत्र आयोजित



**गंगोह।** शोभित विवि में आदर्श विजेंद्र इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग एवं स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग एंड साइंसेज विभाग के संयुक्त तत्वाधान में डायमंड प्लस मेगान दृष्टिकोण विषय पर अतिथि व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में समस्या-समाधान और नवाचार की आधुनिक कार्य प्रणालियों से परिचित कराना था। 110 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता पोस्ट डॉक डॉक्टरल फेलो ट्यूबिंगन यूनिवर्सिटी, जर्मनी के डॉ. अनुपम गौतम ने डायमंड प्लस मेगान दृष्टिकोण को समझाते हुए बताया कि मेटाजेनोमिक विश्लेषण की मूल अवधारणाएं, कार्यप्रवाह है।कुलपति प्रो. रणजीत सिंह व कुलसचिव प्रो. महिपाल सिंह ने शुभकामनाएं दी।

# विधायक चौ.किरत ने किया मेले का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** किसानों और पशुपालकों की आय में वृद्धि तथा पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग द्वारा तीतरो स्थित मंडी समिति मैदान में मंडल स्तरीय पं. दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य मेलाशिविर का आयोजन किया गया।



मेले का शुभारंभ विधायक चौधरी किरत सिंह एवं सदस्य विधान परिषद व पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र सिंह द्वारा गौ पूजन के साथ किया गया। पशुपालन विभाग के मंडलीय अपर निदेशक डॉ. मेघश्याम, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. एम.पी. सिंह, डॉ. के.के. नागर, डॉ. सुबोध गोयल तथा उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों ने अतिथियों एवं पशुपालकों का स्वागत करते हुए विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उन्नत देशी नस्लों के संवर्धन और आधुनिक पशुपालन पद्धतियों को अपनाने पर विशेष बल दिया। मेले का मुख्य उद्देश्य एक ही स्थान पर विशेषज्ञों द्वारा पशुपालकों को नवीनतम तकनीकी जानकारी एवं चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर पशुपालन, कृषि, गन्ना, मत्स्य विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र, विभिन्न बैंक, दुग्ध संघ, नेडा, बाएफ तथा दवा कंपनियों ने स्टॉल लगाकर अपनी योजनाओं का प्रदर्शन किया और पशुपालकों को जागरूक किया। मेले में 5000 से अधिक पशुओं का पंजीकरण किया गया, जिनमें बड़े एवं छोटे पशुओं को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई। पशुओं की सामान्य जांच, ऑपरेशन, अल्ट्रासाउंड परीक्षण, बांझपन उपचार तथा एफएमडी टीकाकरण जैसी सेवाएं विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों द्वारा उपलब्ध कराई गईं। मंडलीय अपर निदेशक डॉ. मेघश्याम एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. एम.पी. सिंह ने बताया कि किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चौधरी मांगेराम, चौधरी सतपाल सिंह, बिरसैन, योगेश कुमार एवं देवराज सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पारस का नेशनल डिफेंस एकेडमी में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल के छात्र पारस मान का नेशनल डिफेंस एकेडमी एनडीए में नवंबर 2025 में चयन हो गया है।



2023 में यहां से इण्टर परीक्षा उतम अंकों में उर्तीण करने के उपरांत पारस अपने बचपन से ही संजोए अपने डिफेंस में जाने के सपने को साकार करने में जुटा रहा और एनडीए में चयनित होने के बाद वह अब सेवा चयन बोर्ड एसएसबी में चयनित होकर अधिकारी प्रशिक्षण प्रक्रिया में शामिल हो गया है। इस अवसर पर प्रबंध समिति अध्यक्ष शुभम गुप्ता, प्रबंधक आदेश गर्ग, नरेंद्र तायल, मुक. ेश गुप्ता, गौरव गर्ग, नितिन तायल, अमित कुमार गर्ग, रचित गुप्ता व प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह सहित स्टाफ ने पारस के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।




# 584 परीक्षार्थी रहे गैर हाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परिषदीय परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत जनपद में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुईं।



जिला विद्यालय निरीक्षक के अनुसार प्रथम पाली में हाईस्कूल गृह विज्ञान (बालिकाओं) विषय में पंजीकृत 11004 परीक्षार्थियों में से 10432 उपस्थित रहे, जबकि 572 अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट के विभिन्न व्यावसायिक विषयों में पंजीकृत 279 परीक्षार्थियों में से 268 उपस्थित तथा 12 अनुपस्थित रहे। वहीं अन्य विषयों में पंजीकृत 3330 परीक्षार्थियों में से 3183 उपस्थित और 147 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट को मिलाकर कुल 14612 परीक्षार्थियों में से 13883 उपस्थित रहे, जबकि 731 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जनपद में हाईस्कूल की परीक्षा 83 परीक्षा केंद्रों तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा 82 केंद्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा की शुी. चता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट और विभागीय सचल दलों द्वारा नियमित निरीक्षण किया गया। नोडल अधिकारी अंकुर वर्मा, डिप्टी कलेक्टर द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया, जहां सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षार्थी के खिलाफ अनुचित साधनों के प्रयोग का मामला सामने नहीं आया। जिला विद्यालय निरीक्षक अरविन्द कुमार पाठक ने बताया कि जनपद में सभी परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हुईं।

## बेकाबू होकर पलटा ओवरलोड ट्रक

**गंगोह।** बाईपास रोड पर गणेश शंकर विद्यार्थी तिराहे के पास गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक अचानक पिछला टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा व जनहानि नही हुई।

राहगीरों व अडौसियों पडौसियों ने ट्रक का शीसा तोडकर चालक को बाहर निकाला और निजी चिकित्सक के यहां ले गये, चालक आसिफ ने बताया कि वह मछरौली केन्द्र से गन्ना लेकर आ रहा था कि अचानक टायर फटने से ट्रक पलट गया। ध्यान रहें गंगोह बाईपास रोड पर एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी घटना है। जिसमें सडक के बीचोबीच ओवरलोड वाहन पलटा हो। इससे पहले पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पास एक भूसे से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई थी। मगर संयोगवश तब भी कोई बडा हादसा नही घट सका था।

**कार्यशाला का आयोजनः सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था मुन्ना लाल और जय नारायण खेमका गर्ल्स डिग्री कॉलेज में कला विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय लोक कला कार्यशाला का शनिवार को सफल समापन हुआ। कार्यशाला में लगभग 150 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर विभिन्न पारंपरिक लोक कलाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को लीपन आर्ट, वर्ली आर्ट और गोंड आर्ट जैसी पारंपरिक कलाओं की बारीकियों से अवगत कराया गया तथा उन्हें इन कलाओं को व्यवहारिक रूप से बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया।













# दलित युवकों को पीटा, चौकी में नहीं हुई सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पठेड।** पठेड मे दो गांव के युवकों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें दो दलित समाज के युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।





घायलों ने पुलिस चौकी से लेकर थाना इंचार्ज तक प्रार्थना पत्र दिए लेकिन कार्रवाई न होता देख दलित युवकों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर को प्रार्थना पत्र देकर आरो. पियों पर कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर को दिए गए प्रार्थना पत्र में गांव नथमलपुर निवासी दलित युवको संजय और विनीत कुमार ने प्रार्थना पत्र मे लिखकर बताया कि कि वह राज मिस्त्री का काम करते और कस्बे में ही एक शोरूम में वह काम कर रहे हैं। बृहस्पतिवार शाम को वह काम निपटाकर अपने गांव नथमलपुर जा रहे थे रास्ते में पठेड बस स्टैंड के पास उनके गांव के ही युवक सुमित वाल्मीकि के साथ पठेड के कुछ युवक कहा सुनी कर रहे थे। जब उन्होंने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो युवको ने उनके ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया और बीच बाजार उन्हें जमकर पीटा गया जिसमें वह गंभीर घायल हो गए उन्होंने सबसे पहले पठेड पुलिस चौकी में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई उसके बाद उन्होंने थाना चिलक. ाना में प्रार्थना पत्र दिया साथ ही थाने में कार्रवाई के नाम पर उनसे पैसे भी ले लिए गए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई उल्टा आरोपी युवक जाति सूचक शब्द बोलकर खुलेआम धमकी देते घूम रहे हैं। पीड़ित दलित युवको ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

इस बारे में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया मामला उनके संज्ञान में नहीं है जबकि पुलिस चौकी पठेड प्रभारी चंद्रपाल सिंह ने बताया कि युवकों का चिकित्सा परीक्षण कराया गया है आरोपियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी।






